Chandra Shekhar Azad Govt. P.G. Lead College, Sehore (M.P.)

AffiliatedtoBarkatullahUniversity, Bhopal

NAACAccredited“B”Grade

Website: -http://csapgcollegesehore.com/, E-mail:-hecsaglcseh@mp.gov.in,Ph.No. -07562-224156, 224240

1.1.1: The Institution ensures effective curriculum planning and delivery through a well-planned and documented process including Academic calendar and conduct of continuous internal Assessment

Online Admission

C.S.A. Govt. P.G. COLLEGE, SEHORE
WORLD BANK (RUSA)
2020-21

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव • सामान्य व अल्पसंख्यक कॉलेजों के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं

सीबीएसई 12वीं पास छात्रों को मार्कशीट पर प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद ही मिल पाएगा कॉलेज में प्रवेश

भास्कर संवाददाता | सीहोर

उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की गाइडलाइन में अहम बदलाव किए हैं। इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सबसे अहम निर्णय यह हुआ है कि अब सामान्य (ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में शामिल) और अल्पसंख्यक कॉलेजों में आवेदन के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नहीं करवाना होगा।

एक ही आवेदन में दोनों तरह के कॉलेजों की चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। दूसरा अहम निर्णय यह लिया गया है कि अब स्पोर्ट्स की हर विधा सारी विधाओं के लिए कुल 5 फीसदी या पांच सीटें रहेंगी, यानी स्पोर्ट्स कोटा घटाया गया है। इधर, सीबीएसई 12वीं के छात्रों के लिए भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत अब 12वीं के छात्रों को टर्म की मार्कशीट (इंटरनेट प्रति) पर प्राचार्य के हस्ताक्षर कराना होंगे। सील लगने के बाद ही छात्र को रजिस्ट्रेशन का अवसर मिलेगा। हालांकि, इस निर्देश से अब विद्यार्थियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। उन्हें टर्म की मार्कशीट पर प्राचार्य के हस्ताक्षर करवाने के लिए स्कूलों के चक्कर लगाना पड़ेंगे। शिक्षाविदों का मानना है कि ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की मुश्किलें देखकर कई बच्चे कॉलेज से दूर हो गए हैं। यदि ऑनलाइन एडमिशन इसी तरह मुश्किल बनाते रहे तो आने वाले दिनों में ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं ले सकेंगे।

जिले में 16 हजार से ज्यादा बच्चे 12वीं में उत्तीर्ण

बता दें कि जिले में करीब 16 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं माध्यमिक शिक्षा मंडल से 12वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं। इसके साथ ही कई छात्र ऐसे भी हैं जो पिछले साल कोरोना संक्रमण की वजह से कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाए थे। अभी सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया है। जिले में करीब 8 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं सीबीएसई स्कूल के भी होंगे जो ऑनलाइन एडमिशन में हिस्सा लेंगे। लेकिन इस तरह की जटिल प्रक्रिया के चलते कई लोग कॉलेज में एडमिशन ही नहीं ले पाएंगे।

ग्रामीण अंचलों के छात्रों की परेशानी बढ़ी... अब स्कूलों के लगाने पड़ेंगे चक्कर

पीजी कॉलेज में दस्तावेज वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

रिजल्ट नहीं आया, इसलिए प्रवेश प्रक्रिया में किया गया है बदलाव

उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त दीपक सिंह ने बताया कि सीबीएसई या आईसीएससी बोर्ड सहित ऐसे बोर्ड जिनके परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं ऐसे आवेदक संबंधित बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के अंतर्गत प्रथम टर्म में प्राप्त अंक पत्रक की छात्राप्रति संबंधित विद्यालय के प्राचार्य के हस्ताक्षर करवाकर अपलोड करेंगे। सीबीएसई के ऐसे आवेदक जिनको संबंधित विद्यालय द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पत्रक उपलब्ध नहीं करा रहे हैं ऐसे आवेदक प्रथम टर्म के अंकों के लिए वचन पत्र स्वयं या अभिभावक से हस्ताक्षर से अपलोड करेंगे। वचन पत्र असत्य पाए जाने पर प्रवेशित विद्यार्थी का प्रवेश स्वत: निरस्त माना जाएगा।

पिछले साल तक ऑफलाइन प्रवेश दे रहे थे अल्पसंख्यक कॉलेज, इस बार किया बदलाव

पिछले साल तक अल्पसंख्यक कॉलेजों को ऑनलाइन प्रक्रिया से छूट थी। वे सीधे कॉलेज से ऑफलाइन प्रवेश दे सकते थे, लेकिन इस बार बदलाव हुआ। इस बार उनके लिए अलग से ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया। इसके तहत छात्रों को अल्पसंख्यक कॉलेज में प्रवेश के लिए भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया था। अब इसमें भी संशोधन करते हुए कहा गया है कि छात्र अगर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कॉलेजों के लिए रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं तो उसके साथ ही वे अल्पसंख्यक कॉलेजों की चॉइस फिलिंग कर सकते हैं।

यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के 4 दिन बचे

इधर, बीकॉम, बीए, बीएससी, बीबीए और बीसीए जैसे यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन के अंतिम चार दिन बचे हैं। वहीं एमकॉम, एमए, एमएससी जैसे पीजी कोर्स के लिए 31 मई तक रजिस्ट्रेशन होंगे। यूजी की एडमिशन की पहली लिस्ट 6 जून और पीजी के लिए 7 जून को जारी होगी। ऑनलाइन फीस जमा करने के लिए यूजी कोर्स के छात्रों को 6 से 11 जून व पीजी के लिए 7 से 13 जून तक का समय दिया जाएगा। यूजी कोर्स के लिए दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन 3 से 11 जून तक होंगे। पीजी कोर्स में 4 से 13 जून तक दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन होंगे। 20 जून तक फीस जमा कर सकेंगे।

बीएड-एमएड की पहली सूची आई नहीं, लेकिन दूसरी के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

बीएड व एमएड में पहले दौर की एडमिशन प्रक्रिया पूरी हुए बगैर ही दूसरे दौर के रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा रहे हैं। गुरुवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। छात्रों का कहना है कि बिना एडमिशन सूची देखे, फीस व दस्तावेज की प्रक्रिया पूरी किए बगैर कैसे दोबारा या नए रजिस्ट्रेशन करेंगे। दरअसल, पहली सूची 30 मई को आएगी, जबकि गुरुवार से ही दूसरे दौर के रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इसी पर आपत्ति है।